<u>संदेश</u>

रामनवमी के शुभ अवसर पर मैं, सभी देशवासियों और विदेश में बसे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उनके आदर्श हमें सिखाते हैं कि सत्य, न्याय और मर्यादा के मार्ग पर चलना जीवन में आगे बढ़ने का सही मार्ग है। उनकी जीवन-गाथा से हमें समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को निभाने की प्रेरणा मिलती है। प्रभु श्रीराम के आदर्श हमारी संस्कृति की आधारशिला हैं और हमें इनका अनुसरण करना चाहिए।

आइए, इस अवसर पर हम भगवान श्रीराम की महागाथा के सन्देशों को आत्मसात करते हुए मन, वचन और कर्म से राष्ट्र सेवा का प्रण लें।

****